# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 29.09.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆जनपद में हो रही चोरी की घटनाओं की रोकथाम एवं ड्रोन संबंधी अफवाहों के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा अपने-अपने सर्किल/थानाक्षेत्रों में रात्रिगश्त/चेकिंग किया गया तथा आमजनमानस को कानून हाथ मे न लेने और संदिग्ध व्यक्ति/वस्तु की जानकारी होने पर अपने थानें को सूचना दे तथा अफवाहो पर ध्यान न देने के संबंध मे जागरुक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेशानुसार व प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा दिनांक 28/29.09.2025 की रात्रि में अपने-अपने सर्किल/थानाक्षेत्रों में पुलिस द्वारा इस अभियान में बताया गया कि संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित करें। ग्रामीणों से अपेक्षा है कि वे शांति एवं संयम बनाए रखें और अफवाह फैलाने वालों से सावधान रहें। पुलिस प्रशासन आश्वस्त करता है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा ग्रामीणों की सुरक्षा हेतु हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। कानून को अपने हाथ में न ले क्योकि अफवाहों के आधार पर किसी निर्दोष व्यक्ति से मारपीट करना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। किसी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु कि सूचना तत्काल नजदीकी थानों व आपातकालीन नम्बर डायल 112 पर साझा करें।

**प्रेस नोट दिनांक 29.09.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन "मिशन शक्ति फेज-05" अभियान के तहत जनपद सिद्धार्थनगर के थाना खेसरहा पर थानाक्षेत्र के सनराईज पब्लिक स्कूल बेलवा लगुनही की छात्रा को "एक दिन का थानाध्यक्ष खेसरहा" बनाया गया तथा थानेदार/छात्रा द्वारा थाने के अभिलेखों की जानकारी ली गयी।**

**आज दिनांक 29.09.2025 को पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर डा0 अभिषेक महाजन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थ नगर श्री प्रशान्त कुमार व क्षेत्राधिकारी बांसी जनपद सिद्धार्थनगर श्री मयंक द्विवेदी के पर्यवेक्षण व थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र द्वारा मिशन शक्ति फेज 05" अभियान के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद सिद्धार्थनगर में बालिकाओं के सशक्तिकरण, विश्वास व जागरूकता का वातावरण बनाने के उद्देश्य से थानाक्षेत्र के सनराईज पब्लिक स्कूल बेलवा लगुनही की कक्षा 08 की छात्रा रिषिका सिंह पुत्री श्री अजय सिंह साकिन रिठिया बाजार थाना बासी जनपद सिद्धार्थनगर को थाना खेसरहा के "एक दिन का थानाध्यक्ष खेसरहा" बनाया गया। इस दौरान छात्रा द्वारा थाने पर आने वाले आम जनता की शिकायतों/समस्याओं को सुना गया तथा उनके निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश निर्देश दिए गए। थानेदार/छात्रा द्वारा थाने के अभिलेखों की जानकारी ली गयी। छात्रा जनपद पुलिस के साथ कार्य करके काफी उत्साहित हुई तथा सिद्धार्थनगर पुलिस को धन्यवाद दिया।**

## प्रेस नोट दिनांक 29.09.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन "मिशन शक्ति फेज-05" अभियान के तहत थाना कठेला समयमाता पर न्यू माडल पब्लिक परमहंश प्रसाद उपाध्याय हाईस्कूल सेहरी इटवा की कक्षा 10 की छात्रा को "एक दिन का थानाध्यक्ष कठेला समयमाता" बनाया गया तथा थानाध्यक्ष/छात्रा को थाने के अभिलेखों के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।

◆थाना कठेला समयमाता मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा रास्ते पर/कस्बो मे अनावश्यक रुप घूमने वाले 08 शोहदो/मनचलो को माफीनामा/हिदायत मुनासिब देकर छोड़ा गया।

आज दिनांक 29.09.2025 को पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर डा0 अभिषेक महाजन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थ नगर श्री प्रशान्त कुमार व क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर श्री पवीन प्रकाश के पर्यवेक्षण व थाना कठेला समयमाता जनपद सिद्धार्थनगर थानाध्यक्ष अभय सिंह द्वारा मिशन शक्ति फेज 05" अभियान के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद सिद्धार्थनगर में महिलाओं/बालिकाओं के सशक्तिकरण, विश्वास व जागरूकता का वातावरण बनाने के उद्देश्य से न्यू माडल पब्लिक परमहंश प्रसाद उपाध्याय हाईस्कूल सेहरी इटवा की कक्षा 10 की छात्रा शिखा कसौधन पुत्री उदय प्रताप कसौधन निवासी कठेला चौराहा थाना कठेला समयमाता जनपद सिद्धार्थनगर को थाना कठेला समयमाता के "एक दिन का थानाध्यक्ष कठेला समयमाता" बनाया गया। इस दौरान छात्रा द्वारा थाने पर आने वाले आम जनता की शिकायतों/समस्याओं को सुना गया तथा थानाध्यक्ष/छात्रा को थाने के अभिलेखों की जानकारी दी गयी। तत्पश्चात मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम बगहवा व कठेला बाजार, सार्वजनिक स्थल जैसे चौराहो/ बाजारो /पार्क/स्कूल/कालेज/कोचिंग सस्थान व अन्य स्थल/रास्ते पर/कस्बो मे अनावश्यक रुप घूमने वाले 08 शोहदो/मनचलो को माफीनामा/हिदायत मुनासिब देकर छोड़ा गया।

प्रेस नोट दिनांक 29.09.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी बांसी द्वारा प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी जोगिया/थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर, मय मिशन शक्ति पुलिस टीम के के साथ थानाक्षेत्र के महात्मा गौतम बुद्ध उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोगिया के छात्र/छात्राओं को महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा व स्वालंबन के प्रति जागरुकता अभियान चलाया गया।

डॉ अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "शारदीय नवरात्रि के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण, एंटी रोमियो व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 29/09/2025 क्षेत्राधिकारी बांसी द्वारा प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर मय मिशन शक्ति पुलिस टीम के साथ थानाक्षेत्र के महात्मा गौतम बुद्ध उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोगिया की छात्र एंव छात्राओं को महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के शारदीय नवरात्रि के अंतर्गत नारी सुरक्षा एंव स्वालंबन के लिए जागरुकता किया गया तथा महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्बन्ध में जानकारी देकर पंम्पलेट वितरित कर जागरुकता अभियान चलाया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 29/09/2025 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी द्वारा थानाक्षेत्र जोगिया उदयपुर के जगदेव इंटर कॉलेज कड़जहवा की बालिकाओं को महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा एंव स्वालंबन के प्रति चलाया गया जागरुकता अभियान।**

**डॉ अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "शारदीय नवरात्रि के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण, एंटी रोमियो व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व मंयक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 29/09/2025 प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी/प्रभारी थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर रोहिणी यादव मय मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर जगदेव इंटर कॉलेज कड़जहवा की बालिकाओ को महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरुक किया गया।**